ब्रिटिश कॉमन्स सभा (British House of Commons)

ब्रिटेन की कॉमन्स सभा लोकसभा के नाम से भी जानी जाती है। अन्य तथा विस्तार की दृष्टि से यह भिन्न सदन है, लेकिन महत्व की दृष्टि से यह प्रथम सदन है। वास्तव में आज लोकसभा ही ब्रिटिश संसद है। राबर्ट वालपोल ने भी लिखा है कि "जब कोई भी मंत्री संसद से परामर्श लेता है तो वह लोकसभा से ही परामर्श लेता है, जब सम्राट इसे विघटित करता है तब वह लोकसभा को ही विघटित करता है।

निर्वाचन पद्धति :- लोकसभा के सदस्यों के निर्वाचन के लिए पूरे देश को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित कर दिया जाता है और प्रत्येक क्षेत्र से एक-एक प्रतिनिधि निर्वाचित होता है मतदान का आधार सार्वजनिक व्यस्क मताधिकार है, जिसमें 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिक भाग लेते हैं।

कॉमन्स सभा की संरचना (Composition of the House of Commons)

इंग्लैंड के 1948 ई० के प्रतिनिधित्व - संबंधी कानून के पारित होने के बाद कॉमन्स सभा पूर्ण रूप से प्रतिनिधि सदन हो गई है इस समय कॉमन्स सभा के सदस्यों की संख्या 630 है इनमें से 551 इंग्लैंड के, स्कॉटलैंड के 71, वेल्स के 36 और उत्तरी आयरलैंड के 12 हैं। अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से व्यस्क मताधिकार द्वारा ये सदस्य चुने जाते हैं। एक व्यक्ति को एक मत देने का अधिकार प्राप्त है।

⇒ सदस्य की योग्यता (Composition of the House of Commons).

कॉमन्स - सभा के लिए प्रत्याशी होने के लिए निम्न योग्यताएं होनी चाहिए -

(1) उसे ब्रिटेन का निवासी होना चाहिए,

(2) उसे पागल, दिवालिया या अपराधी नहीं होना चाहिए,

(3) उसका नाम किसी न किसी निर्वाचन सूची में अवश्य होना चाहिए, तथा